# हरियाणा विधान सभा

**अगस्त सत्र 2025**

## अतारांकित प्रश्न

## 25 अगस्त 2025

----

**कुल प्रश्न - 40**

----

**नई सुपर सकर मशीन खरीदना**

41 **श्रीमती सावित्री जिन्दल ( हिसार):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) क्या हिसार शहर के लिए नई सुपर सकर मशीन खरीदने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हाँ, तो उपरोक्त मशीन को कब तक खरीदे जाने की संभावना है?

----

**पुलिस विभाग में स्वीकृत (पदों) संख्या**

42 **श्री शीशपाल केहरवाला ( कालांवाली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति को सुधारने तथा संगठित अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं; तथा

ख) पुलिस विभाग में पद-वार तथा जिला-वार स्वीकृत पदों की संख्या कितनी है तथा उनमें रिक्तियों का जिला-वार ब्यौरा क्या है ?

----

**लैंड रिलीज़ पॉलिसी के अंतर्गत रिलीज़ की गई भूमि का ब्यौरा**

43 **श्री अदित्य देवीलाल ( डबवाली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) पिछले 20 वर्षों के दौरान गुरुग्राम तथा फरीदाबाद ज़िलों में सरकार की "लैंड रिलीज़ पॉलिसी" के अंतर्गत सार्वजनिक प्रयोजन के लिए अधिग्रहित तथा बाद में किसी भी उद्देश्य के लिए रिलीज़ की गई भूमि का कुल क्षेत्रफल कितना है;

ख) रिलीज़ की गई भूमि का उपयोग किस उद्देश्य के लिए किया गया है; तथा

ग) क्या इस संबंध में सरकार द्वारा मास्टर प्लान में कोई संशोधन किया गया है; यदि हाँ, तो मूल रूप से सार्वजनिक प्रयोजन (जैसे धार्मिक स्थलों या शैक्षणिक संस्थानों) के लिए निर्धारित चिन्हित भूमि का ब्यौरा क्या है, जिसे अन्य उपयोगों में परिवर्तित कर दिया गया है?

----

**भाखड़ा परियोजना के अंतर्गत जल आपूर्ति की मात्रा**

**44 श्री अदित्य देवीलाल ( डबवाली):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) भाखड़ा परियोजना के अंतर्गत पंजाब द्वारा राज्य को प्रतिदिन कितने एम.ए.एफ (मिलियन एकड़ फीट) जल की मात्रा की आपूर्ति करना प्रस्तावित है

ख) राज्य को वर्तमान में प्रतिदिन प्राप्त होने वाले जल की वास्तविक मात्रा कितनी है; तथा

ग) स्त्रोत क्या हैं जिनके माध्यम से यह जल प्राप्त किया जा रहा है, जैसे कि भाखड़ा मुख्य नहर, इसकी वितरिकाएं या किसी अन्य माध्यमों द्वारा?

----

**नया विश्वविद्यालय खोलना**

**45 चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) क्या नूंह जिले में एक नया विश्वविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

ख) उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यन्वित किए जाने की संभावना है?

----

**चार-मार्गी सड़कों का निर्माण करना**

**46 चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़के ) मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) क्या होडल से नगीना वाया पुन्हाना, होडल से पटोदा वाया नूंह तथा नूंह से पलवल तक चार-मार्गी सड़कें बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

**जलभराव की समस्या का समाधान करना**

47 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) जुलाई, 2023 से जुलाई, 2025 की अवधि के दौरान नूंह तहसील तथा इंद्री उप-तहसील के अंतर्गत आने वाले गांवों के खेतों में जल भराव की समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं;

(ख) यदि ऐसे कोई पग नहीं उठाए गए हैं, तो उसके कारण क्या हैं; तथा

(ग) क्या ऊपरवर्णित क्षेत्रों में जल भराव की समस्या का स्थाई समाधान प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा कोई परियोजना बनाई गई है; यदि हां, तो इस परियोजना के कब तक कार्यन्वित किए जाने की संभावना है?

----

**विज्ञापन तथा प्रचार पर किया गया व्यय**

48 **श्री भारत भूषण बत्तरा ( रोहतक):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) सरकार द्वारा 13.04.2024 से 31.07.2025 तक विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, फ्लेक्स बोर्ड, पोस्टर, यू-ट्यूब इत्यादि के माध्यम से अपनी उपलब्धियों तथा वादों के प्रचार पर कुल कितनी राशि व्यय की गई तथा साथ ही व्यय का विस्तृत शीर्ष-वार (श्रेणी-वार) ब्यौरा क्या है; तथा

ख) उपरोक्त अवधि के दौरान सरकार द्वारा महान हस्तियों की जयंती एवं पुण्यतिथि, केंद्र सरकार की योजनाओं तथा राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्रचार पर कितना व्यय किया गया?

----

**आयुर्वेदिक संस्थान स्थापित करना**

49 **श्री इंदुराज सिंह नरवाल (बड़ौदा):**

क्या आयुष मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) क्या बरोदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के किसी गाँव में कोई आयुर्वेदिक औषधालय या अस्पताल चल रहा है; यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

ख) यदि नहीं, तो क्या बरोदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में ऐसा संस्थान स्थापित करने का कोई प्रस्ताव

सरकार के विचाराधीन है?

----

**भाखड़ा नहर से पेयजल आपूर्ति**

50 **श्री नरेश सेलवाल ( उक्लाना):**

क्या जनस्वास्थ अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) क्या यह तथ्य है कि गांव बिठमाड़ा तथा सूरेवाला को भाखड़ा नहर से पेयजल आपूर्ति की परियोजना के लिए सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई थी; तथा

ख) यदि हाँ, तो उक्त परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उपरोक्त परियोजना के कब तक पूरा किए जाने की सम्भावना है ?

----

**बधावड़ माइनर की मरम्मत करना**

51 **श्री नरेश सेलवाल ( उक्लाना):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) क्या यह तथ्य है कि बधावड़ माइनर 25200 आर, जो सरहेड़ा, खरकड़ा, बरवाला तथा मतलोडा गाँवों को पानी की आपूर्ति करती है, जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है तथा किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है; तथा

ख) यदि हाँ, तो उपरोक्त माइनर की मरम्मत तथा जीर्णोद्धार कब तक किए जाने की संभावना है?

----

**अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत तालाबों की सफाई करना**

52 **श्री नरेश सेलवाल ( उक्लाना):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) क्या यह तथ्य है कि बिठमडा गाँव में दो तालाब हैं अर्थात् पातड़ पत्ती तालाब तथा बाबा राम नाथ तालाब;

ख) क्या उनकी खुदाई, सफाई, रिटेनिंग वॉल के निर्माण तथा सम्पूर्ण विकास करने के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

ग) क्या अमृत सरोवर योजना के अन्तर्गत उक्त दोनों तालाबों को शामिल करने का भी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

यदि हां, तो इस प्रस्ताव के कब तक कार्यन्वित किये जाने कि संभावना है?

----

**सूक्ष्म सिंचाई योजना की पायलट परियोजना पर कार्य शुरू करना**

53 **सरदार मनदीप चट्ठा (पेहोवा):**

क्या सिंचाई एवं जल ससांधन मंत्री कृपया बताएंगे कि संधोला माइनर पर सूक्ष्म सिंचाई योजना की पायलट परियोजना पर कार्य, जिसका उद्घाटन भूतपूर्व मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2016 में किया गया था, के कब तक शुरू किए जाने की सम्भावना है?

----

**टैक्स चोरी के मामलों की संख्या**

54 **श्री अर्जुन चौटाला (रानिया):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) गत 5 वर्षों के दौरान (2020-2021, 2021-2022, 2022-2023, 2023-2024 तथा 2024-25) वी.ए.टी. तथा जी.एस.टी. दोनों के लंबित टैक्स चोरी के मामलों की जिला-वार संख्या कितनी है तथा बैक-लॉक को कम करने के लिए लंबित मामलों का निपटान करने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; तथा

(ख) गत 5 वर्षों के दौरान (2020-21, 2021-22, 2022-23, 2023 -24 तथा 2024-25) के राज्य में लंबित टैक्सों, दण्ड भुगतान तथा ब्याज इत्यादि का जिला-वार ब्यौरा क्या है तथा लंबित बकायों की वसूली के लिए सरकार द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई है; तथा

(ग) गत 5 वर्षों (2020-21, 2021-22, 2022-23, 2023-24 तथा 2024-25) में राज्य में टैक्स चोरी तथा उससे संबंधित धोखाधड़ी में लिप्त पाए गए दोषी अधिकारियों/ कर्मचारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई ?

----

**ट्रामा सेंटर खोलना**

55 **श्री हरिन्द्र सिंह ( होडल)ः**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि होडल विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में होडल-कोसी सीमा तथा गांव औरंगाबाद के बीच एक ट्रामा सेंटर खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

**महाविद्यालय भवन का निर्माण करना**

56 **श्री हरिन्द्र सिंह ( होडल)ः**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि गांव भंडोली में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुसार गांव भंडोली में महाविद्यालय के भवन का निर्माण किया जाना था, परन्तु इसका निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं किया गया है; तथा

ख) उपरोक्त महाविद्यालय भवन का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की सम्भावना है?

----

**सफाई कर्मचारियों पर प्रशासनिक नियंत्रण**

57 **श्री सतीश कुमार फागना (फरीदाबाद एनआईटी)ः**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या ग्रामीण क्षेत्रों में नियुक्त सफाई कर्मचारियों को, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि कर्मचारी वर्तमान में महीने में केवल कुछ दिनों के लिए कार्य करते हैं, लेकिन पूरे महीने का वेतन लेते हैं, सरपंच के प्रशासनिक नियंत्रण में रखने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, जिससे संपूर्ण सफाई व्यवस्था बाधित होती है; तथा

ख) यदि हाँ, तो इसका ब्यौरा क्या है?

----

## इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन (IPS) या सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) स्थापित करना

58 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि यमुनानगर का गंदा/प्रदूषित पानी पश्चिमी यमुना नहर में छोड़ा जा रहा है; यदि हाँ, तो क्या उपरोक्त पानी के उपचार के लिए इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन (IPS) या सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हाँ, तो इसके कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

----

## तेजली स्टेडियम को अपग्रेड करना

59 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि यमुनानगर जिले में तेजली स्टेडियम को अपग्रेड करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री द्वारा 90 करोड़ रुपये की घोषणा की गई थी; यदि हाँ, तो उक्त स्टेडियम को कब तक अपग्रेड किए जाने की संभावना है?

----

## गाँव को स्थानांतरित करना

60 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

क) क्या यह तथ्य है कि यमुनानगर में दीनबंधु छोटूराम थर्मल पावर प्लांट से निकलने वाली फ्लाई ऐश के कारण रत्तनपुरा गाँव गंभीर प्रदूषण की समस्या का सामना कर रहा है; तथा

ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त गाँव को किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसके कब तक स्थानांतरित किए जाने की संभावना है?

----

## राज्य में रोजगार कार्यालयों की संख्या

61 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता राज्य मंत्री कृपया बताएँगे कि: –

क) राज्य में संचालित रोजगार कार्यालयों की जिला-वार तथा तहसील-वार संख्या का ब्यौरा क्या है;

ख) राज्य के रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत बेरोजगार युवाओं की जिला-वार संख्या कितनी है तथा उसका श्रेणी-वार (+2 स्तर, स्नातक स्तर एवं स्नातकोत्तर स्तर) ब्यौरा क्या है;

ग) राज्य के बेरोजगार युवाओं को नौकरी/रोजगार अवसर उपलब्ध कराने में रोजगार कार्यालयों की भूमिका क्या है; तथा

ड) राज्य में सरकार द्वारा युवाओं को दिए जा रहे बेरोजगारी भत्ते का जिला-वार ब्यौरा क्या है तथा लाभार्थियों की संख्या कितनी है?

----

## कॉलोनियों को नियमित करना

62 **श्री अनिल यादव ( कोसली)ः**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः—

क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 1993 से अब तक कोसली में कोई भी कॉलोनी जैसे विश्वकर्मा कॉलोनी, शिव कॉलोनी इत्यादि नियमित नहीं की गई है; तथा

ख) यदि हाँ, तो क्या उपरोक्त कॉलोनियों को नियमित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इन कॉलोनियों को कब तक नियमित किए जाने की संभावना है?

----

## बस स्टैंड का निर्माण करना

63 **श्री अनिल यादव ( कोसली)ः**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे किः —

क) क्या यह तथ्य है कि ग्राम पंचायत नाहड ने बस स्टैंड निर्माण के लिए बहुत समय पहले 1.5 एकड़ भूमि परिवहन विभाग को हस्तांतरित की थी, परन्तु उक्त बस स्टैंड का निर्माण अब तक नहीं हुआ; तथा

ख) यदि हाँ, तो क्या उपरोक्त बस स्टैंड के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसका निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## सामुदायिक केन्द्रों का निर्माण करना

64 **श्रीमती पूजा (मुलाना)ः**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या मुलाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव ठरवा, कांसापुर, हेमा माजरा, तमनोली तथा गोला में सामुदायिक केन्द्रों के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त सामुदायिक केन्द्रों का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## सेतुक (कॉजवे) का निर्माण करना

65 **श्रीमती पूजा (मुलाना)ः**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएगें कि क्या मुलाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में गांव हरयोली तथा नगला के बीच मारकंडा नदी पर सेतुक (कॉजवे) निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त सेतुक (कॉजवे) का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## गृह विभाग में रिक्त पदों को भरना

66 **श्रीमती पूजा (मुलाना)ः**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः -

(क) गृह विभाग में ग्रुप ए, बी, सी तथा डी कर्मचारियों की स्वीकृत तथा वर्तमान संख्या कितनी है; तथा

(ख) उपरोक्त कर्मचारियों के रिक्त पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है?

----

## खेल कूद का सामान उपलब्ध करवाना

67 **श्री रणधीर पनिहार (नलवा):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या नलवा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांवों में खेल कूद के उपकरण/सामान उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो खिलाडियों को उक्त खेलकूद के उपकरण/सामान कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है?

----

## महिला महाविद्यालय खोलना

68 **श्री भरत सिंह बैनीवाल ( ऐलनाबाद):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या ऐलनाबाद विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के छौपटा क्षेत्र में महिला महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हां, तो इसके कब तक खोले जाने की संभावना है?

----

## आई.आई.टी. खोलना

69 **श्री भरत सिंह बैनीवाल ( ऐलनाबाद):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या ऐलनाबाद विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव मीठी सुरेड़ा में, इस तथ्य को देखते हुए कि यह गांव सभी नियमों तथा शर्तों को पूरा करता है, एक आई.आई.टी खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## आई.सी.यू. में चिकित्सकों तथा अमले की संख्या

70 **श्री चन्द्र मोहन (पंचकूला):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) पंचकूला नागरिक अस्पताल में जब आई.सी.यू. को शुरू किया गया था, उस समय आई.सी.यू. में चिकित्सकों तथा अमले की स्वीकृत संख्या कितनी है तथा उनकी वर्तमान संख्या कितनी है;

ख) उक्त में से कितने नियमित तथा कितने अनुबंधित हैं; तथा

(ग) किस नीति के अंतर्गत आई.सी.यू के अनुबंधित कर्मचारियों को नियुक्त किया गया था तथा क्या उनके वेतन में वार्षिक वृद्धि के लिए कोई नीति है; यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं?

----

## निकाली गई मिट्टी तथा पत्थरों की बिक्री

71 **श्री चन्द्र मोहन (पंचकूला):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण ने राजीव कॉलोनी तथा इंदिरा कॉलोनी के पास से गुजरने वाले नाले की सफाई का ठेका दिया था तथा ठेकेदार ने सफाई प्रक्रिया के दौरान निकाली गई मिट्टी व पत्थरों को बेच दिया; तथा

(ख) यदि हां, तो वह अधिकारी/कर्मचारी कौन है जिसकी अनुमति से ऐसी बिक्री की गई?

----

## डेंगू के फैलने को रोकने के लिए फॉगिंग का नियत समय

72 **श्री चन्द्र मोहन (पंचकूला):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या पंचकूला जिले में डेंगू के लारवा पाए जाने वाले कारखानों, संस्थानों तथा घरों की जांच के लिए सरकार द्वारा निरीक्षण दल गठित किए गए हैं तथा इस वर्ष कितने चालान जारी किए गए हैं;

ख) डेंगू को फैलने से रोकने के लिए सरकार द्वारा तैयार किया गया नियत समय क्या है;

(ग) क्या पंचकूला नगर निगम के अंतर्गत पड़ने वाले क्षेत्रों तथा गांवों में सरकार द्वारा फॉगिंग की गई है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा तथा आवर्ती क्या है; तथा

(घ) यदि नहीं, तो उपरोक्त क्षेत्रों में सरकार द्वारा फॉगिंग कब तक कराए जाने की संभावना हैं?

----

## अतिरिक्त सफाई कर्मचारी को नियुक्त करना

73 **श्री उमेद सिंह (बाढड़ा ):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि बाढड़ा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अधिकांश गांवों में सफाई कर्मचारियों की संख्या जनसंख्या के अनुपात में अपर्याप्त है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार के पास प्रत्येक गांव में एक अतिरिक्त सफाई कर्मचारी नियुक्त करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## भूजल स्तर को पुनर्भरण (रिचार्ज) करना तथा बढ़ाना

74 **श्री उमेद सिंह (बाढड़ा ):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि बाढ़डा क्षेत्र में भूजल स्तर लगातार गिर रहा है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या भविष्य में जल संकट से बचने के लिए इस क्षेत्र में जल पुनर्भरण के लिए आवश्यक संरचनाएं तथा योजनाएं बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## पशु चिकित्सालय के भवन का निर्माण करना

75 **श्री राम कुमार गौतम (सफीदों):**

क्या पशुपालन एवं डेयरी मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सिवाना मल में पशु चिकित्सालय के नए भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है तथा उक्त पशु चिकित्सालय के नए भवन का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## विश्राम गृह के नए भवन का निर्माण करना

76 **श्री राम कुमार गौतम (सफीदों):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सडकें ) मंत्री कृपया बताएगें कि क्या सफीदों में लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह के नए भवन के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है तथा उक्त विश्राम गृह के नए भवन का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## मेडिकल एवं नॉन–मेडिकल संकाय की कक्षाएँ शुरू करना

77 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या उच्च शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि: –

क) क्या यह तथ्य है कि बहल में महिला महाविद्यालय की भवन वर्ष 2011 में पूरा हो गया था, परन्तु उक्त महाविद्यालय में सरकार द्वारा मेडिकल एवं नॉन–मेडिकल संकाय की कक्षाएँ शुरू नहीं की गई; तथा

ख) यदि हाँ, तो क्या उपरोक्त विद्यालय में मेडिकल एवं नॉन–मेडिकल संकाय की कक्षाएँ शुरू करने तथा वहाँ संकाय सदस्यों की नियुक्ति करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## जल निकासी प्रणाली का सुधार एवं सुदृढ़ीकरण करना

78 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

क) क्या यह तथ्य है कि लोहारू तथा सिवानी कस्बों में हल्की बारिश में भी जलभराव की समस्या है; तथा

ख) यदि हाँ, तो क्या लोहारू तथा सिवानी कस्बों की जल निकासी प्रणाली का सुधार एवं सुद्दढ़ीकरण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

**शिक्षकों के रिक्त पदों को भरना**

79 **श्री मूल चंद शर्मा (बल्लभगढ़):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि श्रीमती सुषमा स्वराज महाविद्यालय, सेक्टर-2, बल्लभगढ़, जहां लगभग 2000 छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर रही हैं, शिक्षण अमले की भारी कमी का सामना कर रहा है, जिससे छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त महाविद्यालय में शिक्षण अमले के रिक्त पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है?

----

**डेमोलिशन ड्राइव का ब्यौरा**

80 **श्री मूल चंद शर्मा (बल्लभगढ़):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एच.एस.वी.पी.) द्वारा सेक्टर-63/64 डिवाइडिंग चौक, बल्लभगढ़ में अतिक्रमण हटाने के लिए डेमोलिशन ड्राइव चलाया गया था;

(ख) यदि हां, तो क्या सभी अतिक्रमण पूरी तरह से हटा दिए गए हैं; तथा

(ग) उक्त डेमोलिशन ड्राइव के बाद अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि का क्षेत्र कितना है?

----